# Sarnath on UNESCO radar, ASI prepares to install 'corrected' plaque to show local role

# UNESCO (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization)

- **The United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization (UNESCO)** is a specialized agency of the United Nations, established in 1945 and headquartered in Paris, France. UNESCO works to promote peace, security, and sustainable development by fostering cooperation in education, science, culture, communication, and information. Its guiding motto : *"Building peace in the minds of men and women."*

## Objectives

- Promote **international peace and security** through **education, science, culture, and communication**.
- Foster **dialogue among civilizations, cultures, and peoples**.
- Protect and preserve **heritage (tangible & intangible)**.
- Encourage **freedom of expression and information**.
- Promote **sustainable development** through knowledge sharing.

## Major UNESCO Projects / Flagship Initiatives And Status of INDIA

1. **Education for Sustainable Development (ESD)**
    - A global initiative to integrate **sustainability principles** (climate change, biodiversity, social equity) into **education systems**.
    - Encourages **environmental awareness, green skills, and global citizenship education**.
    - **ESD in India:**
        - ➢ **UNESCO New Delhi Office** coordinates many ESD-related activities in South Asia, including India; Integrated into **National Education Policy (NEP 2020) and Samgra shiksha abhiyan**
        - ➢ **UNESCO Mahatma Gandhi Institute of Education for Peace and Sustainable Development (MGIEP)**, New Delhi → focuses on peace education, digital learning, and sustainable development.
        - ➢ Collaboration with schools under **UNESCO Associated Schools Project Network (ASPNet)** → promotes peace and sustainability themes

**2. World Heritage Sites (WHS)**

- Established under the **1972 UNESCO World Heritage Convention**.Its Aim is to **preserve & protect heritage for humanity**.
- Recognizes sites of **"outstanding universal value"** in **culture, nature, or both**.
  - **a) Cultural Heritage Sites** – Monuments or sites with **historical, artistic, or cultural significance**.
    - **India has 44 cultural WHS eg.** Taj Mahal (U.P.), Jaipur City (Rajasthan), Hampi (Karnataka), Sun Temple, Konark (Odisha). Maratha military landscapes are the latest addition to the list
  - **b) Natural Heritage Sites** – Areas with **exceptional natural beauty, ecosystems, biodiversity, or geological importance**.
    - **India has 7 natural WHS including** Kaziranga National Park (Assam), Sundarbans (West Bengal), Nanda Devi & Valley of Flowers (Uttarakhand), Great Himalayan National Park (Himachal Pradesh).
  - **c) Mixed Heritage Sites – Sites with both cultural and natural significance**.
    - **India has just 1 mixed WHS** Khangchendzonga National Park (Sikkim).

**3. UNESCO Intangible Cultural Heritage (ICH) & India**

- Established under the **2003 UNESCO Convention for Safeguarding Intangible Cultural Heritage**. Its Aim is to **preserve, promote, and pass on intangible cultural practices** to future generations
- Covers **living traditions, oral expressions, performing arts, rituals, festivals, craftsmanship, and social practices**.
- **Categories of ICH;**
  1. **Oral Traditions & Expressions** – folk tales, storytelling, epics.
  2. **Performing Arts** – music, dance, theater.
  3. **Social Practices, Rituals & Festive Events** – community rituals, ceremonies, festivals.
  4. **Knowledge & Practices Concerning Nature & Universe** – indigenous knowledge, traditional medicine.
  5. **Traditional Craftsmanship** – handlooms, pottery, weaving, arts.

**India's ICH Entries (Examples)**

- **Performing Arts**: Kutiyattam (2008); Chhau Dance (2010); Kalbelia Folk Songs and Dances (2010); Mudiyettu (2010); Sankirtana and Dancing of Manipur (2013); Garba of Gujarat (2023)
- **Festivals and Rituals**: Ramlila (2008); Ramman (2009); Kumbh Mela (2017); Durga Puja in Kolkata (2021)
- **Oral Traditions:** Tradition of Vedic Chanting (2008); Buddhist Chanting of Ladakh (2012)
- **Craftsmanship:** Traditional Brass and Copper Craft of Utensil Making among the Thatheras of Jandiala Guru (2014)

- **Other:** Yoga (2016); Nowruz (2016)

  *(As of 2025, India has* **15 elements** *inscribed on UNESCO ICH list with the latest addition being Garba added in 2023)*

**4. Man and the Biosphere (MAB) Programme**

- Launched in 1971 to **conserve ecosystems and biodiversity**. Aims to **promote sustainable development through the conservation of biodiversity**.
- Focuses on **harmonizing human activity with nature**, combining **research, education, and management**.
- **Biosphere Reserves** – areas of ecological significance designated for **conservation, sustainable use, and research**.
- **Objectives of MAB**:
  1. Conserve **genetic resources, species, and ecosystems**.
  2. Promote **sustainable development practices** for local communities.
  3. Foster **scientific research, monitoring, and capacity building**.
  4. Act as **models for balancing nature and human activity**.

**Biosphere Reserves in India**

- **Total Biosphere Reserves (2025): 18** (across 11 states).

  **Examples:**
  - Nilgiri (First BR established in 1986)
  - Gulf of mannar (Largest BR)
  - Nokrek (Smallest BR)
  - Nanda Devi (Uttarakhand)
  - Panna BR (Latest addition in 2020)
- **UNESCO World Network of Biosphere Reserves (WNBR):** Some Indian reserves like Nilgiri, Sunderbans, and Nanda Devi are recognized internationally.

**5. UNESCO Global Geoparks**

- Areas of **international geological significance** managed for **conservation, education, and sustainable development** and to Promote **geotourism and community involvement**.
- Eg. **Jeju Island, South Korea** – volcanic landscapes & lava tubes; **Arouca Geopark, Portugal** – glacial landscapes & fossil sites.
- India's first UNESCO Global Geopark is still awaited (as of 2025, proposals include Siwalik Fossil Park, Bhedaghat).

**6. International Coalition of Inclusive and Sustainable Cities (ICCAR)**

- Launched in 2004 to combat **racism, discrimination, xenophobia, and exclusion in urban areas**.
- A global platform of cities committed to **human rights and sustainable urban governance**.
- Eg. APCAD (Asia pacific coalition of cities against Discrimination)

**7. UNESCO Creative Cities Network (UCCN)**

- Launched in 2004 to promote cities as **hubs of creativity, culture, and sustainable urban development**.
- Covers fields like **music, literature, film, gastronomy, design, media and crafts**.
- **Global Network**: As of 2025, includes over **350 cities** from more than **100 countries**
- Indian examples:
  - **Jaipur** → Crafts & Folk Arts
  - **Chennai** → Music
  - **Varanasi** → Music
  - **Hyderabad** → Gastronomy

India has been part of the UCCN since 2015, with its seven cities recognized in various creative fields:

| City | Creative Field | Year |
|---|---|---|
| Jaipur | Crafts & Folk Arts | 2015 |
| Varanasi | Music | 2015 |
| Chennai | Music | 2017 |
| Mumbai | Film | 2019 |
| Hyderabad | Gastronomy | 2019 |
| Srinagar | Crafts & Folk Arts | 2021 |
| Kozhikode | Literature | 2023 |
| Gwalior | Music | 2023 |

## Tehran hosts maiden India, Iran, Uzbekistan trilateral

# First India-Iran-Uzbekistan Trilateral Meeting

### Syllabus: GS2/IR

- **In News :**
  - The first India-Iran-Uzbekistan trilateral meeting was held in Tehran focusing on enhancing cooperation against extremism and terrorism and promoting the use of Chabahar Port by Uzbekistan for trade with India.
- **About :**
  - They also emphasized deeper connectivity via the International North-South Transit Corridor (INSTC).

- India-Iran-Armenia also held a trilateral focusing on INSTC and Chabahar use. Kazakhstan and Tajikistan have shown interest in using Chabahar, while India is pursuing an early harvest FTA with the Eurasian Economic Union to boost trade and access rare earth minerals from the region.

# PM Modi to open Purnea airport, launch Makhana Board in Monday's visit to poll-bound Bihar

## National Makhana Board

### Syllabus: GS3/ Agriculture

- **Context :**
  - PM Modi launched the National Makhana Board in  Purnea, Bihar, approving a development package of about ₹475 crore for the makhana sector.
- **What is Makhana?**
  - Makhana (Euryale ferox), also known as fox nut, is an aquatic crop cultivated in stagnant ponds and wetlands.
  - This plant is found in freshwater ponds throughout South and East Asia.
  - The edible part of the Makhana plant consists of small, round seeds that have an outer layer ranging from black to brown.
  - This has led to it being referred to as the 'Black Diamond.'
  - Climatic conditions: For optimal growth and development, Makhana requires a temperature range of 20-35°C, relative humidity of 50-90%, and annual rainfall between 100-250 cm.
  - In India, Bihar produces about 90% of the country's makhana, particularly the regions of Mithilanchal and Seemanchal.
  - In smaller quantities it is cultivated in the states of Assam, Manipur, West Bengal, Tripura, and Odisha, as well as in neighboring countries like Nepal, Bangladesh, China, Japan, and Korea.
  - GI Tag to Mithila Makhana: In 2022, 'Mithila Makhana' was conferred a Geographical Indication tag.

# Sarnath on UNESCO radar, ASI prepares to install 'corrected' plaque to show local role

# यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन)

- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है, जिसकी स्थापना 1945 में हुई थी और इसका मुख्यालय फ्रांस के पेरिस में है। यूनेस्को शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति, संचार और सूचना के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देकर शांति, सुरक्षा और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य हैरू "लोगों के मन में शांति की भावना पैदा करना।"

## उद्देश्य

- **शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और संचार** के माध्यम से **अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा** को बढ़ावा देना।
- **सभ्यताओं, संस्कृतियों** और लोगों के बीच संवाद को बढ़ावा देना।
- **विरासत (भौतिक और अमूर्त)** की रक्षा और संरक्षण करना।
- **अभिव्यक्ति** और **सूचना** की स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करना।
- ज्ञान साझा करने के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देना।

## यूनेस्को के प्रमुख प्रोजेक्ट/प्रमुख पहल और भारत की स्थिति

1. **सतत विकास के लिए शिक्षा (ESD)**
   - यह शिक्षा प्रणाली में स्थिरता के सिद्धांतों (जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, सामाजिक समानता) को शामिल करने के लिए एक वैश्विक पहल है।
   - यह पर्यावरण जागरूकता, हरित कौशल और वैश्विक नागरिकता शिक्षा को बढ़ावा देता है।
   - **भारत में ESD:**
     - ➢ यूनेस्को नई दिल्ली कार्यालय दक्षिण एशिया, जिसमें भारत भी शामिल है, में कई ESD से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करता हैय इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) और समग्र शिक्षा अभियान में शामिल किया गया है।
     - ➢ यूनेस्को महात्मा गांधी शांति और सतत विकास शिक्षा संस्थान (MGIEP), नई दिल्ली → शांति शिक्षा, डिजिटल शिक्षा और सतत विकास पर केंद्रित है।

- ➢ यूनेस्को एसोसिएटेड स्कूल प्रोजेक्ट नेटवर्क (ASPNet) के तहत स्कूलों के साथ सहयोग → शांति और स्थिरता के विषयों को बढ़ावा देता है।

## 2. विश्व धरोहर स्थल (WHS)

- 1972 के यूनेस्को विश्व धरोहर कन्वेंशन के तहत स्थापित। इसका उद्देश्य मानवता के लिए विरासत को संरक्षित और सुरक्षित रखना है।
- संस्कृति, प्रकृति या दोनों में 'असाधारण सार्वभौमिक मूल्य' वाले स्थलों को मान्यता देता है।

**क) सांस्कृतिक विरासत स्थल** : ऐतिहासिक, कलात्मक या सांस्कृतिक महत्व वाले स्मारक या स्थल।

- ➢ भारत में 44 सांस्कृतिक ॅभ हैं, जैसे ताजमहल (उत्तर प्रदेश), जयपुर शहर (राजस्थान), हम्पी (कर्नाटक), कोणार्क सूर्य मंदिर (ओडिशा)। मराठा सैन्य स्थल इस सूची में नवीनतम जोड़ हैं।

**ख) प्राकृतिक विरासत स्थल** : असाधारण प्राकृतिक सुंदरता, पारिस्थितिकी तंत्र, जैव विविधता या भूवैज्ञानिक महत्व वाले क्षेत्र।

- ➢ भारत में 7 प्राकृतिक WHS हैं, जिनमें काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (असम), सुंदरबन (पश्चिम बंगाल), नंदा देवी और फूलों की घाटी (उत्तराखंड), ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान (हिमाचल प्रदेश) शामिल हैं।

**ग) मिश्रित विरासत स्थल** : सांस्कृतिक और प्राकृतिक दोनों महत्व वाले स्थल।

- ➢ भारत में केवल 1 मिश्रित WHS है, कांगचेनजोंगा राष्ट्रीय उद्यान (सिक्किम)।

## 3. यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (ICH) और भारत

- 2003 के यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए कन्वेंशन के तहत स्थापित। इसका उद्देश्य अमूर्त सांस्कृतिक प्रथाओं को संरक्षित करना, बढ़ावा देना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है।
- इसमें जीवित परंपराएं, मौखिक अभिव्यक्ति, प्रदर्शन कला, रीति–रिवाज, त्योहार, शिल्प कौशल और सामाजिक प्रथाएं शामिल हैं।
- **ICH के प्रकार–**

1. **मौखिक परंपराएं और अभिव्यक्ति** : लोक कथाएं, कहानी सुनाना, महाकाव्य।
2. **प्रदर्शन कला** : संगीत, नृत्य, नाटक।
3. **सामाजिक प्रथाएं, रीति–रिवाज और उत्सव** : सामुदायिक रीति–रिवाज, समारोह, त्योहार।
4. **प्रकृति और ब्रह्मांड से संबंधित ज्ञान और प्रथाएं** : स्थानीय ज्ञान, पारंपरिक चिकित्सा।
5. **पारंपरिक शिल्प कौशल** : हाथ बुनाई, मिट्टी के बर्तन, बुनाई, कला।

**भारत की ICH प्रविष्टियां (उदाहरण)**

- **प्रदर्शन कला**–कुटियाट्टम (2008), छऊ नृत्य (2010), कालबेलिया लोकगीत और नृत्य (2010), मुडियाट्टु (2010), मणिपुर का संकीर्तन और नृत्य (2013), गुजरात का गरबा (2023)
- **त्योहार और रीति–रिवाज**–रामलीला (2008), राममन (2009), कुंभ मेला (2017), कोलकाता में दुर्गा पूजा (2021)
- **मौखिक परंपराएँ**–वैदिक मंत्रोच्चारण की परंपरा (2008), लद्दाख का बौद्ध मंत्रोच्चारण (2012)

- **कला कौशल**–जांडिआला गुरु के थाठेरा समुदाय द्वारा पारंपरिक पीतल और तांबे के बर्तन बनाने की कला (2014)
- **अन्य**–योग (2016), नौरोज (2016)

  (2025 तक, भारत की 15 कलाएँ यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल हैं, जिसमें नवीनतम शामिल है 2023 में शामिल गरबा।)

## 4. मैन एंड द बायोस्फीयर (MAB) प्रोग्राम

- 1971 में इकोसिस्टम और जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए शुरू किया गया। जैव विविधता के संरक्षण के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देना इसका उद्देश्य है।
- यह मानव गतिविधियों और प्रकृति के बीच तालमेल बिठाने पर ध्यान देता है, जिसमें अनुसंधान, शिक्षा और प्रबंधन शामिल हैं।
- **बायोस्फीयर रिजर्व** : पारिस्थितिक महत्व वाले क्षेत्र जिन्हें संरक्षण, सतत उपयोग और अनुसंधान के लिए नामित किया गया है।
- **MAB के उद्देश्य**–
  1. जेनेटिक संसाधनों, प्रजातियों और इकोसिस्टम का संरक्षण।
  2. स्थानीय समुदायों के लिए सतत विकास प्रथाओं को बढ़ावा देना।
  3. वैज्ञानिक अनुसंधान, निगरानी और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना।
  4. प्रकृति और मानव गतिविधियों के बीच संतुलन के मॉडल के रूप में कार्य करना।

**भारत में बायोस्फीयर रिजर्व**

- **कुल बायोस्फीयर रिजर्व (2025)** : 18 (11 राज्यों में)।

  **उदाहरण**–
  - नीलगिरी (पहला BR, 1986 में स्थापित)
  - मन्नार की खाड़ी (सबसे बड़ा BR)
  - नोक्रेक (सबसे छोटा BR)
  - नंदा देवी (उत्तराखंड)
  - पन्ना BR (2020 में नवीनतम शामिल)
- **यूनेस्को वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिजर्व (WNBR) :** नीलगिरी, सुंदरबन और नंदा देवी जैसे कुछ भारतीय रिजर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं।

## 5. यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क

- संरक्षण, शिक्षा और सतत विकास के लिए प्रबंधित, अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक महत्व वाले क्षेत्र। जियोटूरिज्म और समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देना।
- **उदाहरण**–दक्षिण कोरिया का जेजू द्वीप – ज्वालामुखी परिदृश्य और लावा ट्यूबय पुर्तगाल का अरोका जियोपार्क–हिमनद परिदृश्य और जीवाश्म स्थल।
- भारत का पहला यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क अभी भी प्रतीक्षित है (2025 तक, प्रस्तावों में शिवालिक फॉसिल पार्क, भेड़ाघाट शामिल हैं)।

## 6. समावेशी और सतत शहरों का अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन (ICCAR)

- 2004 में शहरी क्षेत्रों में नस्लवाद, भेदभाव, विदेश–विरोधी भावना और बहिष्कार से निपटने के लिए शुरू किया गया।
- मानव अधिकारों और सतत शहरी शासन के प्रति प्रतिबद्ध शहरों का एक वैश्विक मंच।
- **उदाहरण**–एपीकैड (भेदभाव के खिलाफ एशिया प्रशांत शहरों का गठबंधन)

## 7. यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN)

- रचनात्मकता, संस्कृति और सतत शहरी विकास के केंद्रों के रूप में शहरों को बढ़ावा देने के लिए 2004 में शुरू किया गया।
- संगीत, साहित्य, फिल्म, पाक कला, डिजाइन, मीडिया और शिल्प जैसे क्षेत्र शामिल हैं।
- वैश्विक नेटवकर्रू 2025 तक, 100 से अधिक देशों के 350 से अधिक शहर शामिल हैं।
- **भारतीय उदाहरण**–
  - जयपुर ⟶ शिल्प और लोक कला
  - चेन्नई ⟶ संगीत
  - वाराणसी ⟶ संगीत
  - हैदराबाद ⟶ पाक कला

भारत 2015 से UCCN का हिस्सा है, इसके सात शहर विभिन्न रचनात्मक क्षेत्रों में मान्यता प्राप्त हैं।

| शहर | क्रिएटिव क्षेत्र | वर्ष |
|---|---|---|
| जयपुर | कला और लोक कला | 2015 |
| वाराणसी | संगीत | 2015 |
| चेन्नई | संगीत | 2017 |
| मुंबई | फिल्म | 2019 |
| हैदराबाद | खाद्य संस्कृति | 2019 |
| श्रीनगर | कला और लोक कला | 2021 |
| कोझिकोड | साहित्य | 2023 |
| ग्वालियर | संगीत | 2023 |

# Tehran hosts maiden India, Iran, Uzbekistan trilateral

## भारत–ईरान–उज्बेकिस्तान की पहली त्रिपक्षीय बैठक

**पाठ्यक्रम : जीएस2 / आईआर**

- **खबरों में**
  - टेहरान में भारत–ईरान–उज्बेकिस्तान की पहली त्रिपक्षीय बैठक हुई। इस बैठक में आतंकवाद और अतिवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने और उज्बेकिस्तान द्वारा भारत के साथ व्यापार के लिए चाबहार बंदरगाह के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया गया।
- **जानकारी**
  - उन्होंने इंटरनेशनल नॉर्थ–साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (INSTC) के जरिए बेहतर कनेक्टिविटी पर भी जोर दिया।
  - भारत–ईरान–आर्मेनिया ने भी INSTC और चाबहार के इस्तेमाल पर एक त्रिपक्षीय बैठक की। कजाकिस्तान और ताजिकिस्तान ने चाबहार का इस्तेमाल करने में दिलचस्पी दिखाई है, जबकि भारत इस क्षेत्र से दुर्लभ पृथ्वी खनिजों तक पहुंच और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के साथ जल्द ही एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) करने की कोशिश कर रहा है।

# PM Modi to open Purnea airport, launch Makhana Board in Monday's visit to poll-bound Bihar

## राष्ट्रीय मखाना बोर्ड

**पाठ्यक्रम : जीएस3 / कृषि**

- **संदर्भ–**
  - पीएम मोदी ने बिहार के पूर्णिया में नेशनल मखाना बोर्ड की शुरुआत की और मखाना उद्योग के लिए लगभग 475 करोड़ रुपये के विकास पैकेज को मंजूरी दी।
- **मखाना क्या है?**
  - मखाना (यूरिएल फेरोक्स), जिसे फॉक्स नट भी कहा जाता है, एक जलीय फसल है जो स्थिर तालाबों और दलदली इलाकों में उगाई जाती है।
  - यह पौधा दक्षिण और पूर्वी एशिया के सभी मीठे पानी के तालाबों में पाया जाता है।
  - मखाना पौधे का खाने योग्य हिस्सा छोटे, गोल बीज होते हैं जिनकी बाहरी परत काली से भूरी होती है।
  - इसी वजह से इसे 'ब्लैक डायमंड' भी कहा जाता है।

- **जलवायु परिस्थितियाँ**–मखाना की अच्छी वृद्धि और विकास के लिए 20-35°C का तापमान, 50-90% सापेक्ष आर्द्रता और 100–250 cm के बीच वार्षिक वर्षा की आवश्यकता होती है।
- भारत में, बिहार देश के लगभग 90% मखाना का उत्पादन करता है, खासकर मिथिलांचल और सीमांचल क्षेत्र में।
- कम मात्रा में यह असम, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और ओडिशा राज्यों में, साथ ही नेपाल, बांग्लादेश, चीन, जापान और कोरिया जैसे पड़ोसी देशों में भी उगाया जाता है।
- मिथिला मखाना को जीआई टैग–2022 में, 'मिथिला मखाना' को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग दिया गया था।